## कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, सुलतानपुर।

संख्या–952 / निर्वाचन(लो0स0सा0नि0–2019) / जी0पी0एस0 दिनांक– 05 मई, 2019

मे0 डेटा लाइव,
कम्प्यूटर टेक्नालाजी,
प्रयागराज (इलाहाबाद)

### कार्यादेश

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–587 / सी0ई0ओ0–3 दिनांक–19 अप्रैल, 2019 द्वारा ई0वी0एम0 तथा वी0वी0पैट के परिवहन के लिए मोबाइल एप आधारित जी0पी0एस0 ट्रैकिंग प्रणाली की व्यवस्था हेतु प्रति यूनिट रूपये 399 + 18% जी0एस0टी0 सहित प्राप्त प्रस्ताव जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है, इस कार्यालय के पत्र संख्या 1394 / निर्वाचन (लो0स0सा0नि0–2019) / जी0पी0एस0 दिनांक–14 मार्च, 2019 द्वारा निर्देशित किये जाने के बावजूद रूपये 15,000–00 (रूपये पन्द्रह हजार) की जमानत धनराशि आप द्वारा उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सुलतानपुर के पक्ष में अभी तक बन्धक नहीं की गयी है।

निर्वाचन कार्य के दृष्टिगत दिनांक 12.05.2019 को होने वाले मतदान के दौरान आयोग के निर्देशानुसार निम्नवत् विधान सभावार जोनल / सेक्टर मजिस्ट्रेट के वाहनों की जी0पी0एस0 ट्रैकिंग कराया जाना है:–

| क0सं0 | विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या व नाम | जोनल मजिस्ट्रेट | सेक्टर मजिस्ट्रेट |
|---|---|---|---|
| 1 | 187–इसौली | 03 | 28 |
| 2 | 188–सुलतानपुर | 03 | 28 |
| 3 | 189–सदर | 03 | 31 |
| 4 | 190–लम्भुआ | 03 | 37 |
| 5 | 191–कादीपुर | 03 | 28 |
| | योग | 15 | 152 |

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उल्लिखित जोनल / सेक्टर मजिस्ट्रेट के वाहनों एवं प्रति विधान सभा 1–1 अतिरिक्त वाहन में जी0पी0एस0 ट्रैकिंग का कार्य आयोग के मानक के अनुरूप करना सुनिश्चित करें, किसी प्रकार का विलम्ब अथवा कार्य में गतिरोध उत्पन्न होने पर बीजकों का भुगतान रोक दिया जायेगा तथा अर्नेस्ट / जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

(हर्षदेव पाण्डेय)
उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
सुलतानपुर।

संख्या– / निर्वाचन तद्दिनांक

प्रतिलिपिः–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2–मुख्य विकास अधिकारी / नोडल आफिसर (कार्मिक व्यवस्था)
3–जिला विकास अधिकारी, सुलतानपुर को इस आशय से कि जोनल / सेक्टर मजिस्ट्रेट का मोबाइल नम्बर, ई–मेल आई0डी0 तथा मोबाइल नम्बर एवं एण्ड्रायड फोन के संबंध में सूचना उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
4–समस्त जोनल / सेक्टर मजिस्ट्रेट।
5–अधिशासी अभियन्ता, शारदा सहायक खण्ड–49 / नोडल आफिसर (ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट)
6–जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सुलतानपुर को इस निर्देश के साथ कि उल्लिखित मोबाइल ऐप के माध्यम से जी0पी0एस0 ट्रैकिंग का कार्य कराना सुनिश्चित करें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
सुलतानपुर।